सार-समाचार

अपहरण कर पीटा, तीन आरोपी पकड़े

जोधपुर, (कासं)। लव अफेयर की आशंका में एक छात्र का भगत की कोठी इलाके में अपहरण कर लिया गया। तीन युवक छात्र के कमरें में घुसे और खुद को पुलिस अधिकारी बताकर कार में अपहरण कर ले गए। थाने चलने की बात कही और फिर कार में मारपीट की। उसके बाद छात्र को पाली जिले के रोहट क्षेत्र में सडक़ पर पटक कर चले गए। उसका मोबाइल लूट लिया गया। पीड़ित छात्र की तरफ से भगत की कोठी थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने कार्रवाई कर तीन लोगों को पकड़ा है जोकि भीलवाड़ा के रहने वाले है। जैसलमेर के फलसूण्ड स्थित भीखोडाई के रहने वाले एक छात्र की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह भगत की कोठी स्थित कृष्ण मंदिर गली नंबर 3 में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई करता है। 11 जनवरी की रात को वह अपने कमरें में पढ़ाई कर रहा था। तब उसके रूम पर तीन युवक कार लेकर आए। उन्होंने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए पूछताछ के लिए थाने चलने के लिए कहा। बाद में उसे जबरन कार में डालकर ले गए। बीच रास्ते मारपीट की और उसका मोबाइल छीन लिया। पाली के रोहट क्षेत्र में ले जाकर सड़क पर पटक दिया। आरोपियों में से एक ने कहा कि वह उसकी पत्नी को फोन करता है। मोबाइल चैट से इसका खुलासा होने पर छात्र का अपहरण किया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में तीन आरोपियों भीलवाड़ा निवासी शैतानसिंह , पारसमल गुर्जर एवं सांवलियाराम को शांतिभंग में फिलहाल गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी बीच राजीनामे की बात भी बताई है।

पटवारियों ने कार्यों का बहिष्कार किया

सायला, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय पर सोमवार को राजस्थान पटवार संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर 9 सूत्री मांग पत्र के निस्तारण की मांग को लेकर पटवारियों द्वारा राजस्व कार्यों का बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया गया। पटवार संघ जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह चंपावत ने बताया कि गिरदावरी एप्प में अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाने, 1०35 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तिय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू-अभिलेख निरीक्षक वृत की वित्तिय स्वीकृति जारी करवाने, पटवारी से वरिष्ठ पटवारी पद की रिव्यू डीपीसी एवं डैफर्ड एवं लिफाफा बंद प्रकरणों का निस्तारण करवाने तथा 752 नवसृजित भू-अभिलेख निरीक्षक पदों के निर्धारण संबंधित पत्रावली का निस्तारण करवाने समेत 9 सूत्री मांग पत्र का निस्तारण नही होने से समस्त पटवारियों में भारी रोष है तथा मांगों पर सहमति नही बनने तक राजस्व कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान उपशाखा अध्यक्ष जसाराम, दिनेश सोलंकी, उमाराम, ज्ञानसिंह, सुरेश कुमार, रविन्द्रसिंह, देवीसिंह, आसकरणसिंह, परमेश्वरी, रिन्की राव, भीमराज, भीमाराम समेत पटवारी मौजूद रहे।

मकरसंक्राति पर मेले का आयोजन होगा

अजमेर (कासं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्टाफ क्लब द्वारा मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया जायेगा। क्लब अध्यक्ष मोहन सिंह रावत के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रशासक महेश शर्मा व विशिष्ट अतिथि सचिव कैलाश चंद शर्मा एवं अतिथि वित्तीय सलाहकार रश्मि बिस्सा रहेंगे। मेले का शुभारम्भ प्रशासक द्वारा किया जावेगा साथ ही मेले की ऐकरिगं जानी मानी ऐंकर किरण पाराशर द्वारा की जावेंगी। क्लब सचिव मुकेश घसवा ने बताया कि मेले में विभिन्न प्रकार के खाने पीने के व्यंजन रखे है। हाउजी के साथ साथ कई प्रकार के रोचक खेलो और मनमोहक प्रश्नोत्तरी का अयोजन किया जायेगा जिसमें सभी कार्मिको व अधिकारियों ने परिवार सहित भरपूर आनन्द लेगें।

जर्सी वितरण कार्यक्रम हुआ

शाहपुरा ।राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिधाम पंचायत बासेड़ा में कक्षा 1 से 5 तक के बालक बालिकाओं को पंरमेशचन्द्र ओझा स्मृति संस्थान द्वारा जर्सी वितरण किया गया।जर्सी वितरण कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष अनिल व्यास, एडवोकेट शोभाग कुमावत, पूर्व बासेड़ा सरपंच मदन मीणा, शिक्षिका पूजा सेरावत, कांता देवी, बद्रीलाल बलाई, सत्यनारायण कुमावत उपस्थित थे।संस्थान के अध्यक्ष ने उक्त विद्यालय का नाम ठाम हरिधाम के संस्थापक, स्वतंत्रता सेनानी सर्वोदय नेता स्वर्गीय रमेश चंद्र व्यास के नाम राज्य सरकार से मांग की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने स्कूटी दी

सरवाड़ । सरवाड़ शहर मे स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की होनहार छात्रा सुश्री माहेनूर खानम शेख को राज्य सरकार की तरफ से कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा स्कूटी प्रदान की गई वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल खटीक ने होनहार छात्रा सुश्री माहेनूर खानम शेख को राज्य सरकार की और से स्कूटी प्रदान कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य फरीद मोहम्मद शेख सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

सेशन न्यायालय खोलने की मांग

बिजयनगर । अभिभाषक संघ विजयनगर के तत्वाधान में सोमवार कोअभिभाषक संघ ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार रामकिशोर जांगिड़ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर बिजयनगर में अपर जिला एवं सेशन न्यायालय खोलने की मांग की । अभिभाषक संघ बिजयनगर अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा उपाध्यक्ष अरुण सोनी, सचिव आशिष त्रिपाठी, एडवोकेट धीरज मालवीय, एडवोकेट अरिन्हत लोढ़ा, एडवोकेट गोविंद नारायण शर्मा, एडवोकेट यदुपति त्रिपाठी व एडवोकेट युगल किशोर मालवीया, संहिता अधिवक्ताओं ने प्रेषित ज्ञापन में विजयनगर में अपर जिला एवं सेशन न्यायालय खोलने की मांग की ।

बुंदेला एंक्लेव में चोरी हुई

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर के एयरफोर्स एरिया गुरूद्वारा कॉलोनी में बुंदेला एंक्लेव में एयरफोर्स के मास्टर वारंट ऑफिसर हैली काप्टर यूनिट में तैनात दो अफसरों के क्वार्टरों के ताले रात में तोड़े गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक में चोरी नहीं हुई जबकि दूसरे में सामान चोरी होना बताया गया है। एक में अधिकारी 9 जनवरी को ही शिफ्ट हुए थे बाद में छुट्टी पर चले गए। 10 जनवरी को ताले टूटे होने की जानकारी मिली। मामले में एयरपोर्ट थाने में रिपोर्ट दी गई है।

अवैध मादक पदार्थ सहित एक पकड़ा

सरवाड़ ।बोराड़ा पुलिस ने मनोहरपुरा गांव के पास थानाधिकारी जगदीश चौधरी के नेतृत्व में की गई कार्यवाही कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान वाहन अल्टो कार से बरामद 20 किलो डोडा पोस्त जप्त किया गया वहीं आरोपी काछोला भीलवाड़ा निवासी श्याम वैष्णव को किया गिरफ़्तार किया गया वहीं बोराड़ा पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

खुला दूध गुणवत्ता जांच शिविर का आयोजन

अजमेर, (कासं)। अजमेर डेयरी द्वारा चंपा नगर डेयरी बूथ, ब्यावर में 'दूध का दूध पानी का पानी' जांच शिविर में दूध के 50 प्रतिशत नमूने विभिन्न स्तर के पाये गए।

आर.सी.डी.एफ. जयपुर लिमिटेड जयपुर के आदेशानुसार एवं अजमेर डेयरी द्वारा संघ के विपणन विभाग व गुण नियंत्रण विभाग के संयुक्त प्रयास से सोमवार को चंपा नगर, डेयरी बूथ, ब्यावर में खुला दूध गुणवत्ता जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आम उपभोक्ताओं एंव दूधियों से प्राप्त हुए 32 खुले दूध के सैम्पलों में से 16.

■ **सभी निम्न स्तर के सैम्पलों में पानी की मिलावट पाई गई**

(50 प्रतिशत) दूध सैम्पल निम्न स्तर के पाए गए। सभी निम्न स्तर के सैम्पलों में पानी की मिलावट पाई गई।

प्रबंध संचालक रामलाल चौधरी ने बताया की ब्यावर जिले में अजमेर डेयरी द्वारा सोमवार को खुलें दूध की गुणवत्ता जांच के लिए 'दूध का दूध पानी का पानी' अभियान चलाया गया, क्योंकि आम तौर पर यह पाया जा रहा है कि दूधियों द्वारा धड़ल्ले से बेखौफ होकर मनमाने दामों पर उपभोक्ताओं को मिलावटी दूध बेचा जा रहा है तथा उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है। मिलावट की इन गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए अजमेर डेयरी द्वारा एक टीम का गठन किया गया है, जिसके नोडल अधिकारी मुकेश पडौदा (ए.एस.ओ. विपणन) को नियुक्त किया गया है।

साथ ही गुण नियंत्रण शाखा से टैक्निकल स्टाफ दीपक व देवराज को सैम्पल कलेक्शन व जांच के लिए नियुक्त किया गया है। उपभोक्ताओं को खुले दूध के स्थान पर पाश्चुरिकृत दूध का सेवन करने को प्रेरित करने व खुले दूध में हो रही मिलावट व उसके सेवन से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी हानियों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रभारी विपणन लादूराम चौधरी के निर्देशानुसार अजमेर डेयरी के विपणन विभाग से श्वेता व्यास, सुमित कागंवा, अजीत काठात व राहुल चौधरी द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने का प्रयास किया गया। अगला शिविर15 जनवरी को कृषि मंडी के सामने, बिजयनगर में आयोजित किया जायेगा।

अजमेर डेयरी द्वारा चंपा नगर डेयरी बूथ, ब्यावर में 'दूध का दूध पानी का पानी' जांच शिविर में दूध के 50 प्रतिशत नमूने विभिन्न स्तर के पाये गए।

भूकंप मृतको को श्रद्धांजलि दी

अजमेर, (कासं)। तिब्बत, नेपाल, भूटान व भारत में भूकंप का प्रभाव होने पर हादसे में मृतको को सोमवार को पूर्णिमा के अवसर पर तिब्बतियन लहासा रिफयूजी गर्म वस्त्र विक्रेता एसोसिएशन व सर्वधर्म समिति के पदाधिकारियों द्वारा मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित की।

■ **तिब्बतियन लहासा रिफयूजी गर्म वस्त्र विक्रेता एसोसिएशन व सर्वधर्म समिति के पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि**

बौद्धमठ के अध्यक्ष गुणवन्त राहुल और जन सेवा समिति महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि सोमवार को गर्म वस्त्र विक्रेता एसोसिएशन के अध्यक्ष चो गिल्तसन के नेतृत्व में तिब्बतियन भाषा में शान्ति पाठ की कथा का आयोजन हुआ और कैंडिल जलाकर भूकम्प में मृतकों की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चो गिल्तसन ने बताया कि प्राकृतिक आपदा भूकम्प से मृतको को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपने संदेश में बताया कि प्राकृतिक आपदा को परमात्मा से प्रार्थना करके ही समाधान पाया जा सकता है। समस्त गर्म वस्त्र विक्रेताओं द्वारा उनके गुरू दलाई लामा की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके उनको नमन किया गया। इस अवसर पर विश्व शान्ति और मृतको की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थाना की।

नर्सिंग कमिर्यों ने प्रदर्शन किया

जोधपुर, (कासं)। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर में यूटीबी नर्सिंग अधिकारियों को रिक्त पदों पर समायोजित करने की मांग को लेकर सोमवार को राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष जगदीश जाट ने बताया कि नए नर्सिंग अधिकारी मिलने के बाद कई अस्पतालों में पूर्व से पदस्थापित यूटीबी नर्सिंग अधिकारियों को हटा दिया गया है। हालांकि यहां अभी भी कई सैकड़ों पद रिक्त है। कुछ दिन पहले मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल व नियंत्रक डॉ. बीएस जोधा ने उन्हें वापस पदस्थापित करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद मंडोर सैटेलाइट अस्पताल में कार्यरत यूटीबी नर्सिंग कर्मचारियों को हटा दिया गया है।

नन्हे बच्चों कों बांटे तिल के लड्डू

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता शहर के मेळा मेदान मे बांस बनजारों कि झूगी झोम्पडियो के नन्हे बालक बालिकाओ कों मकर शक्रांति के अवसर पर तिल के लड्डू खिलाकर खुशियाँ बाँटी तथा मोके पर संस्थान के कार्यकर्ताओ द्वारा सभी बच्चों कों ज्यादा से ज्यादा स्कूल से जुड़ने का आव्हान किया। वही साथ में झोपड़ियो मे जा कर कार्यकर्ताओ ने अभिभावको कों प्रेरित किया । संस्थान निदेशक केलाश जांगिड़ ने बताया कि हम इस संस्थान के माध्यम से समाज सेवा से जुड़े कार्य करने का प्रयास करते है इसी कड़ी मे हम आज इस मोके पर बांस बनजारो कि झुग्गी झोपड़ियो मे जाकर सभी लोगौ का मुँह मीठा करवाकर उनसे अपने बच्चों कों ज्यादा से ज्यादा स्कूलों से जोड़कर निरंतर पढ़ाई करवाने कि बात कहीं। इस मौके पर श्याम बोराणा, अमित टाक, डूंगर दान चारण, रामेश्वर घाँची, एडवोकेट वेंकटेश्वर तिवारी, कृष्णकांत दहिया,एडवोकेट धीरज देवल सहित संस्था के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे

पाली में रैन बसेरा का निरीक्षण

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर बेसहारा, गरीब, बेघर व असहाय व्यक्तियों, महिलाओं एवं बच्चों को रैन बसेरों या आश्रय स्थलों मे प्रवेश करवाये जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली सचिव विक्रम सिंह भाटी द्वारा रामलीला मैदान स्थित आश्रय स्थल पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव भाटी द्वारा आश्रय स्थल में सर्दी से बचाव के लिए कंबल, बिस्तर, भोजन-पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई।

कैबिनेट मंत्री गहलोत का मेड़ता पहुंचने पर किया गया अभिनंदन

मेडतासिटी । राजस्थान सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के देर शाम मेड़ता पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने अजमेर बाई पास स्थित होटल डारा पैलेस में माला और साफा पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान मंत्री गहलोत के सभी से कहा कि समाज और राष्ट्र के लिए काम करने वाला महापुरुषों को याद करके सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार हम सभी को करना चाहिए ताकि सामान्य समाज के जरूरत मंद नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। मंत्री गहलोत ने उनके द्वारा चलाई जा रही जंजीर से जीवन की ओर मुहिम में सहयोग करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओ का भी धन्यबाद दिया। गौरतलब है कि मंत्री गहलोत ने अपने विभाग के स्तर पर एक जंजीर से जीवन की ओर नमक मुहिम चला रखी है जिसमें वर्षों से अपने ही घर में बेड़ियों से बंधे हुए नागरिकों को उनके परिवार को समझाकर बेड़ियों से मुक्त करवाया जा रहा है। तथा उनका इलाज भी कराया जा रहा है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र गहलोत,पार्षद राजेन्द्र सांखला,पार्षद दिलीप माली, समाज सेवी विजू भाई सांखला, पार्षद ओमप्रकाश गहलोत, ताराचंद सांखला, सुनील, रविन्द्र गहलोत, ओमप्रकाश तंवर, गजराज,अर्जुन गहलोत,राजू सांखला, बाबूलाल तंवर, सुनील सांखला, मेघराज टेलर,धनश्याम घांची, राकेश चौधरी,रामनिवास छरंग, ईश्वर सिंह,देवराज सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

जोधपुर के 12 केन्द्रों पर आज स्वर्णप्राशन

जोधपुर, (कासं) । डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा संचालित स्वर्णप्राशन कार्यक्रम 14 जनवरी, मंगलवार को पुष्यनक्षत्र योग में बारह जगहों पर रखा गया है।

इसमें एम्स, जोधपुर की आयुष ओ.पी.डी. में, जालोरी गेट के निकट शनिश्चर थान, सम्राट अशोक उद्यान के सामने भवानी आदर्श विद्या मंदिर, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित लवकुश गृह-नवजीवन संस्थान, बाल बसेरा सेवा संस्थान, मगरा पूंजला स्थित राजकीय किशोर बालगृह, विश्वविद्यालय आयुर्वेद चिकित्सालय, करवड़, गोद-ठाम घड़ाव के राजकीय विद्यालय विक्टोरियन किड्स स्कूल एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड में आयोजित किया जायेगा।

चाईनीज मांझा का उपयोग करने पर होगी कार्यवाही

अजमेर, (कासं)। मकर सक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने के लिए चायनीज मांझे का उपयोग प्रतिबंधित है। इसका उपयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। पतंगबाजी से घायल पक्षियों का उपचार पशुपालन विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील घीया ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों की अनुपालना में नाईलोन या किसी अन्य सिंथेटिक समाग्री से बने और सिंथेटिक पदार्थ से लेपित, चायनीज और गैर बायोडिग्रेडेबल मांझे या धागे का उपयोग प्रतिबन्धित है। इस प्रकार के मांझे का निर्माण एवं विक्रय व उपयोग नहीं करें।

उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध पशु क्रूरता का का निवारण अधिनियम 1960 के तहत कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पतंग उडाने को सीमित रखें। सूर्योदय के बाद सुबह 6 से 8 बजे तक व सायंकाल 5 से 7 बजे तक का समय पक्षियों के उडान तथा विचरण का होता है। इस समय पतंग नहीं उडाएं। पक्षी आवासी व घने पेड़ आदि के आसपास पतंगबाजी नहीं करें।

दिव्यांग उपकरण शिविर 16 को

मसूदा, (निसं)। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मसूदा पंचायत समिति में कोई भी पात्र दिव्यांगजन अंग / उपकरण से वंचित न रहेइसको लेकर राजस्थान सरकार के वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा संख्या 92 (1) उपमुख्यमंत्री द्वारा दिव्यांगजनों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से बीस हजार तक के अंग उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतू पंचायत समिति मुख्यालयों पर निम्नानुसार शिविर आयोजित किए जाएंगे इसी के तहत मसूदा पंचायत समिति के सभागार में गुरुवार 16 जनवरी को प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक दिव्यांगजनों को अंग उपकरण उपलब्ध कराने के लिए पात्र लोगों का चिन्हिकरण (श्री भगवान महावीर सेवा समिति द्वारा अंग उपकरण उपलब्ध करवाये जायेंगे)।

दिव्यांगजनों को स्वावलंबन पोर्टल पर आवेदन करवाकर नवीन यूडीआईडी कार्ड जारी करना एवं ऐसे दिव्यांगजन जिनकाऑफलाईन दिव्यांगता प्रमाण पत्र बना हुआ है को डिजिटल प्रमाण पत्र जारी करना।दिव्यांगजनों को रोडवेज पास जारी करना।विभागीय योजनओं जैसे स्वरोजगार ऋण योजना, सुखद दाम्पत्य योजना, छात्रवृति योजना एवं दिव्यांग पेंशन एवं पालनहारयोजना के नवीन आवेदन करवाना।अन्य योजनाएं जो दिव्यांगजनों से संबंधित है के आवेदन प्राप्त कर लाभान्वित करना। आवश्यक दस्तावेज: शिविर में आने वाले दिव्यांगजन अपने साथ स्वयं की 01 दिव्यांगता दर्शाती हुई फोटो, आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड/दिव्यांगता प्रमाण पत्र, पेंशन पीपीओ की आदेश कॉपी एवं जिनके पास पहले से ऑफलाईन बना हुआ दिव्यांग प्रमाण पत्र है साथ लेकर उपस्थित हों।यह जानकारी विशाल सिहं सोलंकी जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दी गई ।

सिन्ध की भूमि पाने के लिए अंतिम क्षण तक हो प्रयास-लोहाणा

अजमेर, (कासं)। यह हमारा सौभाग्य है कि हम आज महाराजा दाहरसेन की स्मृति स्थल पर है, जिन्होने अपना पूरा परिवार मातृ भूमि की रक्षा के लिए न्योछावर कर दिया, ऐसी भावना हम में भी जागृत है कि सिन्ध की भूमि को अपने अन्तिम क्षण तक पाने के लिए हम प्रयासरत रहेंगे। ऐसे प्रेरणा केन्द्र के लिए हम ओंकार सिंह लखावत का धन्यवाद व आभार प्रकट करते है और उनकी प्रेरणा से जो बलिदान दिवस व जयन्ती मनाते है, हम भी ऐसे आयोजन देश-विदेश में भी करेंगे, यह विचार लंदन से आए वर्ल्ड सिन्धी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. लखू लोहाणा ने सोमवार को सिन्धुपति महाराजा दाहरसेन स्मारक पर अवलोकन करते हुए कहे। उन्होने सिन्ध में स्वतंत्रता आंदोलन में सिन्ध के वीर महापुरूष राणा रतन सिंह, रूपलो कोल्ही, हेमू कालाणी व अन्य प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए, हिंगलाज माता की पूजा अर्चना, सिन्ध के मानचित्र पर रक्षासूत्र बांधकर सिन्ध की भूमि हमें वापस मिले।

अजमेर प्रवास पर आए डॉ. लखू लोहाणा व उनके साथियों ने महाण्डलेश्वर हंसराज उदासीन व अन्य संतों से भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त किया व सिन्धु इतिहास एवं साहित्य शोध संस्थान पर एकत्रित सिन्धी साहित्य के संकलन को देख कर आनन्दित हुएए जिसमें सिन्ध के संत महात्मा, स्वतंत्रता सेनानियों, सिन्धु नदी, मोहन जो दड़ों व सिन्धुघाटी सभ्यता का इतिहास व चित्रों को देखकर अभिभूत हुए व शोध संस्थान के अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी ने साहित्य की पुस्तके भेंट की। इस अवसर पर बाड़मेर के चारण समाज के कार्यकारी अध्यक्ष तेजदान, जोधपुर के इतिहासकार डॉ.रघुवीर सिंह सोढ़ा व दलपत सिंह सोढ़ा ने भी अवलोकन कर अपने विचार रखें।बाबा ईसरदास की समाधि से आज भी प्रेरणा मिलती है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की माकड़वाली योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 32 खसरा नं. 463, 464 क्षेत्रफल 175 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती लीलावती पिपाड़ा पत्नि स्व. तारा चन्द पिपाड़ा निवासी चितौड़गढ़ की मृत्यु दिनांक 11/10/2011 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (अपंजीकृत दिनांक 6/7/2009) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री मनीष पिपाड़ा पुत्र स्व. तारा चन्द पिपाडा निवासी हाल चितौड़गढ़ द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भारती लोढ़ा पत्नि श्री महेन्द्र लोढ़ा की ग्राम लोहगल, तहसील व जिला अजमेर के खसरा नम्बर 1020 (साबिक) 948 (हाल) में भूखण्ड संख्या 05 क्षेत्रफल 333.33 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली निगमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रयपत्र द्वारा खातेदार श्री गिरवर सिंह पुत्र श्री मांगू सिंह द्वारा श्री शिवांशु गुप्ता पुत्र श्री अनिल गुप्ता को विक्रय किया गया था उसके पश्चात् श्री शिवांशु गुप्ता द्वारा नोटरीशुदा मुख्त्यारनामा आम श्री सुरेन्द्र लोढ़ा पुत्र श्री सोहनलाल लोढ़ा के पक्ष में निष्पादित किया गया है। मु.आम श्री सुरेन्द्र लोढ़ा ने पंजीकृत विक्रयपत्र द्वारा उक्त भूखण्ड श्री उम्मेदमल जैन पुत्र स्व. श्री पन्नालाल सिंघवी को विक्रय किया गया है। उसके पश्चात् उक्त भूखण्ड को श्री उम्मेदमल जैन द्वारा नोटरीशुदा वसीयतनामा द्वारा श्रीमती भारती जैन को वसीयत किया गया है। उक्त भूखण्ड के निगमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी भी हितबद्धकारी को इस निगमन के संबंध में आपत्ति हो तो सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा निगमन कार्यवाही कर दी जायेगी। (उपायुक्त उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक- न.नि.अ/24-25/भवन/750 दिनांक: 13-1-25

आपत्ति सूचना

श्री मनीष नानकानी पुत्र श्री वासुदेव नानकानी एवं विजय कुमार नानकानी पुत्र श्री भुगडोमल नानकानी निवासीगण प्लाट नं. 47-बी ग्रुप सिन्धुवाडी आशागंज, अजमेर द्वारा एक सम्पति जो थौक ए. एम.सी. नं. 8/426 = 16/289 है जो वार्क गिदवानी मार्केट के पास धानका बस्ती सिनेमा रोड पडाव अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 31.97 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया अनुसार है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानसार है।

पूर्व - नाला तत्पश्चात् रोड पश्चिम - आदर्श विद्यालय
उत्तर - आदर्श विद्यालय दक्षिण - धानका बस्ती

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

आम सूचना

मेरी माता जमना देवी पत्नि प्रहलाद जाति भील निवासी ग्राम जुगलीपुरा की मृत्यु दिनांक 10/07/2004 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम जुगलीपुरा में हो गयी थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत सिरोंज में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता जमना देवी भील का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- हनुमान पुत्र प्रहलाद भील
निवासी ग्राम जुगलीपुरा
तह. अरांई (अजमेर)

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु उपरान्त उसके द्वारा निष्पादित पंजीकृत गोद नामा के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की दीनदयालपूरम योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या सी-542, सी - 541, सी- 540, सी-539, सी-538, सी-537, सी-536, सी-535, सी-534, सी-533, सी-532, सी-229, क्षेत्रफल कुल 2020.5 वर्ग मीटर के आवंटी / अन्तरिति श्री कालु पुत्र श्री हरनाथ, निवासी ग्राम तबीजी की मृत्यु दिनांक 31.08.2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा गोद नामा (पंजीकृत/ अपंजीकृत दिनांक 11.10.2002) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित गोद नामा के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री इन्दरपाल उर्फ शौकीन पुत्र श्री रामकरण, निवासी- गांव तबीजी द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

मेरे पिता रामकरण पुत्र गोगदा जाति जाट निवासी ग्राम दादिया की मृत्यु दिनांक 20/03/2014 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम दादिया में हो गई थी जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत दादिया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पिता रामकरण जाट का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- उमराव पुत्र रामकरण जाट ग्राम
दादिया तह. अरांई (अजमेर)

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण.स्वी./2024/4930 **आम सूचना** दिनांक : 7.1.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के